# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः 1933 / गोप0 / प्रायो0 / 25 दिनांकः 20.05.2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर–222002 (यू0पी0))।

**विषय :– शैक्षणिक सत्र 2024–25 के स्नातक स्तर पर कला / विज्ञान / वाणिज्य के द्वितीय, चतुर्थ व षष्टम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अष्टम व दशम सेमेस्टर में मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपलोड करने एवं फाइनल अथेन्टिक करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांकः 1833 / गोप0 / प्रायो0 / 25, दिनांकः 05.05.2025 द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सत्र 2024–25 के सम सेमेस्टर की मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए विलम्बतम दिनांकः 20.05.2025 तक कराकर ऑनलाइन मार्क्स सब्मिट कराने एवं उसकी हार्ड कापी विश्वविद्यालय में दिनांकः 30.05.2025 तक जमा करने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु अभी भी कतिपय महाविद्यालयों द्वारा प्रायोगिक / मौखिकी परीक्षा सम्पन्न नहीं करायी गयी है।

उक्त विषय पर सम्यक विचारोपरान्त इस तिथि को विस्तारित करते हुए दिनांकः 05 जून 2025 तक मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने एवं प्राप्तांक को विश्वविद्यालय के लॉगिंन पर ऑनलाइन फीड करना सुनिश्चित किया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया अपने महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सम सेमेस्टर की मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा 2024–25, दिनांकः 05 जून 2025 तक प्रत्येक दशा में सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाइन फाइनल एथेन्टिकेट कर सब्मिट करें तथा उसकी एक हार्ड कापी अभिलेख हेतु विश्वविद्यालय को दिनांकः 10 जून 2025 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे परीक्षाफल शीघ्र घोषित किया जा सके।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।

परीक्षा नियंत्रक